# HINDI A

## Class 10 - हिंदी ए

**निर्धारित समय: 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

**सामान्य निर्देश:**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए :

- इस प्रश्नपत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं- क, ख, ग, घ।
- खंड-क में कुल 2 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 10 है।
- खंड-ख में कुल 4 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 16 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
- खंड-ग में कुल 5 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है।
- खंड-घ में कुल 4 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।

### खंड क - अपठित बोध

1. **निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **[7]**

सवेरे हम अपनी मंजिल काठमांडू की ओर बढ़े। पहाड़ी खेतों में मक्के और अरहर की फसलें लहरा रही थीं। छोटे-छोटे गाँव और परकोटे वाले घर बहुत सुंदर लग रहे थे। शाम होते-होते हम काठमांडू पहुँच गए। आज काठमांडू पर लिखते हुए अंगुलियाँ काँप रही हैं। वैसे ही जैसे पचीस अप्रैल को काठमांडू की धरती काँप उठी थी। न्यूज चैनल जब धरहरा स्तंभ को भरभराकर गिरते दिखा रहे थे, मेरा मन बैठा जा रहा था। क्या हुआ होगा धरहरा के इर्दगिर्द फेरी लगाकर सामान बेचने वालों का? और उस बाँसुरी वादक का जिसके सुरों ने मन मोह लिया था और वे पर्यटक जो धरहरा के सौंदर्य में बिंधे उसका सौंदर्य निहारते। सब कुछ जानते हुए भी मन यही कह रहा है कि सब ठीक हो।

रात को हम बाज़ार गए। बाज़ार इलेक्ट्रॉनिक सामानों से अटा पड़ा था और दुकानों की मालकिने मुस्तैदी से सामान बेच रही थीं। हमारे हिमालयी क्षेत्रों की तरह यहाँ भी अर्थव्यवस्था का आधार औरतें हैं। क्योंकि पहाड़ों पर पर्याप्त जमीन नहीं होती और रोजगार के साधन भी बहुत नहीं होते, सो घर के पुरुष नीचे मैदानी इलाकों में कमाने जाते हैं और घर-परिवार की सारी जिम्मेदारी महिलाएँ उठाती हैं। यहाँ गाँव की महिलाएँ खेती और शहर की महिलाएँ व्यवसाय सँभालती हैं। मैंने देखा वे बड़ी कुशलता से व्यावसायिक दाँव-पेंच अपना रही थीं। हम पोखरा होते हुए लौट रहे थे। रास्ते भर हिमाच्छादित चोटियाँ आँखमिचौली खेलती रहीं। राह में अनेक छोटे-बड़े नगर-गाँव और कस्बे आते रहे। नेपाली औरतें घरों में काम करती नजर आ रही थीं। मक्का कटकर घर आ चुकी थी। उसके गुच्छे घर के बाहर ख़ुटियों के सहारे लटके नजर आ रहे थे। अब हम काली नदी के साथ-साथ चल रहे थे।

**1.** कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:

**कथन (A):** मर्यादापूर्वक जीवन व्यतीत करने के लिए आत्मनिर्भरता अनिवार्य है।

**कारण (R):** आत्मनिर्भरता से मनुष्य अपने पैरों पर खड़ा होना सीखता है।

विकल्प:

i. कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

iv. कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।



SATISH SCIENCE ACADEMY

**2.** निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

I. आत्मसंस्कार के लिए मानसिक स्वतंत्रता आवश्यक है।

II. आत्ममर्यादा के लिए बड़ों का सम्मान करना चाहिए।

III. नम्रता का अर्थ दब्बूपन से है।

IV. सच्ची आत्मा प्रत्येक स्थिति में अपनी राह खुद निकालती है।

विकल्प:

i. कथन I, II और IV सही हैं।

ii. कथन II और III सही हैं।

iii. कथन I और III सही हैं।

iv. केवल कथन IV सही है।

**3.** नीचे दिए गए कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित करें और सही विकल्प का चयन करें:

| **कॉलम 1** | **कॉलम 2** |
|---|---|
| I. आत्मनिर्भरता | 1. अपने पैरों पर खड़े होने की क्षमता |
| II. नम्रता | 2. आत्मा को दब्बूपन से मुक्त करना |
| III. आत्मसंस्कार | 3. मानसिक स्वतंत्रता की आवश्यकता |

विकल्प:

i. I (1), II (2), III (3)

ii. I (3), II (1), III (2)

iii. I (2), II (3), III (1)

iv. I (1), II (3), III (2)

**4.** काठमांडू के बाजार की क्या विशेषता थी? (2)

**5.** नेपाली अर्थव्यवस्था का आधार औरतें क्यों हैं? (2)

2. **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **[7]**

अपने नहीं अभाव मिटा पाया जीवन भर
पर औरों के सभी अभाव मिटा सकता हूँ।
तूफानों-भूचालों की भयप्रद छाया में,
मैं ही एक अकेला हूँ जो गा सकता हूँ।
मेरे 'मैं' की संज्ञा भी इतनी व्यापक है,
इसमें मुझ-से अगणित प्राणी आ जाते हैं।
मुझको अपने पर अदम्य विश्वास रहा है।
मैं खंडहर को फिर से महल बना सकता हूँ।
जब-जब भी मैंने खंडहर आबाद किए हैं,
प्रलय-मेघ भूचाल देख मुझको शरमाए।
मैं मजदूर मुझे देवों की बस्ती से क्या
अगणित बार धरा पर मैंने स्वर्ग बनाए।

i. उपर्युक्त काव्य-पंक्तियों में किसका महत्व प्रतिपादित किया गया है? **(1)**

(क) अदम्य विश्वास का महत्व

(ख) प्रलय-मेघ भूचाल का महत्व

(ग) तूफानों-भूचालों का महत्व

(घ) मजदूर की शक्ति का महत्व

SATISH SCIENCE ACADEMY

ii. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:

**कथन (A):** व्यक्ति को अपने आत्मविश्वास से खंडहर को फिर से महल में बदलने की क्षमता प्राप्त होती है।

**कारण (R):** व्यक्ति के अंदर अदम्य विश्वास और संघर्ष की शक्ति होती है, जिससे वह विपरीत परिस्थितियों में भी सफलता प्राप्त कर सकता है।

**विकल्प:**

(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

iii. काव्यांश के अनुसार, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही है?

I. व्यक्ति का आत्मविश्वास उसे विपरीत परिस्थितियों से उबारने की शक्ति प्रदान करता है।

II. व्यक्ति केवल अपनी सफलता की चाहत में दूसरों के अभाव को दूर करने की कोशिश करता है।

III. कवि के अनुसार, व्यक्ति के आत्मविश्वास के कारण वह खंडहरों को महल में बदलने की क्षमता रखता है।

IV. कवि का कहना है कि व्यक्ति की शक्ति को देख कर प्रलय और तूफ़ान भी शरमाते हैं।

**विकल्प:**

(क) कथन I, III और IV सही हैं।

(ख) केवल कथन I और II सही हैं।

(ग) केवल कथन III और IV सही हैं।

(घ) कथन II, III और IV सही हैं।

iv. मेरे 'मैं' की संज्ञा भी इतनी व्यापक है, इसमें मुझ-से अगणित प्राणी आ जाते हैं। उपर्युक्त पंक्तियों का भाव स्पष्ट करके लिखिए। **(2)**

v. अपनी शक्ति और क्षमता के प्रति उसने क्या कहकर अपना आत्म-विश्वास प्रकट किया है? **(2)**

**खंड ख - व्यावहारिक व्याकरण**

3. **निर्देशानुसार किन्हीं चार के उत्तर दीजिए-** **[4]**

i. रामसेवक पवनपुत्र हनुमान ने रावण की सोने की लंका को जला दिया। (वाक्य भेद बताइए।)

ii. मैं उस विद्यार्थी को भली प्रकार जानता हूँ, जिसे आपने पुरस्कार दिया था। (वाक्य में आश्रित उपवाक्य बताइए।)

iii. नंगी चमचमाती तलवार घुमाता हुआ बीस वर्षीय युवक कह रहा था। (मिश्रित वाक्य बनाइए।)

iv. भारत के सामने जो मुख्य समस्या है, वह बढ़ती हुई जनसंख्या है। (सरल वाक्य में बदलिए।)

v. मिश्र वाक्य का एक उदाहरण लिखिए।

4. **निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं चार वाक्यों का निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए - (1x4=4)** **[4]**

i. अब गायक संगतकारों का आदर नहीं करते। (कर्मवाच्य में)

ii. इस दिन दालमंडी में शहनाई बजाई जाती थी। (कर्तृवाच्य में)

iii. चिड़िया चोट के कारण उड़ नहीं पा रही थी। (भाववाच्य में)

iv. अब सोया नहीं जाता। (कर्तृवाच्य में)

v. सात सुरों को इसने गजब की विविधता के साथ प्रस्तुत किया। (कर्मवाच्य में)

5. **निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं चार रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए- (1x4=4)** **[4]**

i. <u>भोलानाथ</u> बाकी सभी लड़कों के साथ खेलने लगा।

ii. लेकिन आदत से मजबूर आँखें <u>मूर्ति</u> की तरफ़ उठ गईं।

iii. यह सब मैंने केवल <u>सुना</u>।

iv. <u>जल्दी</u> चलो, ट्रेन आने ही वाली है।

v. श्याम ने कल मुझे <u>गाड़ी में</u> बिठाया था।

6. निम्नलिखित काव्यांशों के अलंकार भेद पहचान कर लिखिए- (किन्हीं चार) **[4]**

SATISH SCIENCE ACADEMY

i. इस सोते संसार के बीच
जगकर सजकर रजनी बोले

ii. बाण नहीं पहुँचे शरीर तक
शत्रु गिरे पहले ही भू पर।

iii. हिमकणों से पूर्ण मानो हो गए पंकज नए।

iv. पायो जी मैंने राम रतन धन पायो

v. सिंधु सा विस्तृत और अथाह एक निर्वासित का उत्साह।

**खंड ग - गद्य खंड (पाठ्यपुस्तक)**

7. **अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:** **[5]**

बालगोबिन भगत की संगीत साधना का चरम उत्कर्ष उस दिन देखा गया जिस दिन उनका बेटा मरा। इकलौता बेटा था वह! कुछ सुस्त और बोदा-सा था, किंतु इसी कारण बालगोबिन भगत उसे और भी मानते। उनकी समझ में ऐसे आदमियों पर ही ज्यादा नजर रखनी चाहिए या प्यार करना चाहिए क्योंकि ये निगरानी और मुहब्बत के ज्यादा हकदार होते हैं। हमने सुना, बालगोबिन भगत का बेटा मर गया। कुतूहलवश उनके घर गया। देखकर दंग रह गया। बेटे को आंगन में एक चटाई पर लिटा कर एक सफेद कपड़े से ढँक रखा है। वह कुछ फूल तो हमेशा ही रोपते रहते, उन फूलों में से कुछ तोड़कर उस पर बिखरा दिए हैं, फूल और तुलसीदल भी। सिरहाने एक चिराग जला रखा है। और उसके सामने जमीन पर ही आसन जमाए गीत गाए चले जा रहे हैं। वही पुराना स्वर वही पुरानी तल्लीनता। घर में पतोहू रो रही है किंतु बालगोबिन भगत गाए जा रहे हैं। गाते-गाते, कभी-कभी पतोहू के पास जाते और उसे रोने के बदले उत्सव मनाने को कहते। आत्मा परमात्मा के पास चली गई, विरहिनी अपने प्रेमी से जा मिली, भला इससे बढ़कर आनंद की कौन बात। मैं कभी-कभी सोचता, यह पागल तो नहीं हो गए। किंतु नहीं, वह जो कुछ कह रहे थे उसमें उनका विश्वास बोल रहा था - वह चरम विश्वास जो हमेशा ही मृत्यु पर विजयी होता आया है।

i. **कथन (A):** बालगोबिन भगत की संगीत साधना का चरम उत्कर्ष कब देखा गया?
**कारण (R):** जिस दिन बालगोबिन भगत को साक्षात् ईश्वर के दर्शन हुए थे।

क) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।
ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है।
ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।
घ) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

ii. बालगोबिन भगत का बेटा कैसा था?

क) कुछ कमजोर और बोदा
ख) चालाक और होशियार
ग) कुछ सुस्त और बोदा
घ) कुछ कमजोर और सुस्त

iii. बाल गोबिन भगत बेटे की मृत्यु पर क्यों गीत गा रहे थे?

i. बेटे की मौत के दुख से पागल हो गए थे।
ii. विरहिनी (भक्त) अपने प्रेमी (भगवान) से मिल जाने के कारण।
iii. मैं अपने बेटे से प्यार नहीं करते थे।
iv. उनका मानना था कि आत्मा का परमात्मा से मिलन हो गया।

क) कथन ii व iv सही है।
ख) कथन ii सही है।
ग) कथन i सही है।
घ) कथन i, ii व iii सही है।

iv. बालगोबिन भगत को दुनियादारी से किसने निवृत्त किया?

क) उसके कर्मों ने
ख) उसके पुत्र ने
ग) उसकी बहू ने
घ) गांव के लोगों ने

v. पतोहू का क्या अर्थ है?

i. पोते की पत्नी

SATISH SCIENCE ACADEMY

ii. पुत्र की पत्नी

iii. पुत्र वधू

iv. पोती का पति

क) कथन i, ii, iii व iv सही है।
ख) कथन ii सही है।
ग) कथन ii व iii सही है।
घ) कथन i सही है।

8. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए:** **[6]**

i. हालदार साहब ने जब मूर्ति के नीचे मूर्तिकार **मास्टर मोतीलाल** पढ़ा तब उन्होंने क्या-क्या सोचा? **[2]**

ii. मन्नू भंडारी याद करती हैं कि उनके बचपन में पूरा मोहल्ला उनका घर होता था। लेखिका ने वर्तमान स्थिति के बारे में क्या कहा है? **[2]**

iii. **लखनवी अंदाज** पाठ के संदर्भ में **सनक** के विभिन्न रूपों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। **[2]**

iv. **संस्कृति** पाठ के अनुसार प्रज्ञा और मैत्री भाव किस नए तथ्य के दर्शन करवा सकते हैं और उनकी क्या विशेषता है? **[2]**

## खंड ग - काव्य खंड (पाठ्यपुस्तक)

9. **अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:** **[5]**

तब भी कहते हो-कह डालूँ दुर्बलता अपनी बीती।
तुम सुनकर सुख पाओगे, देखोगे-यह गागर रीती।
किंतु कहीं ऐसा न हो कि तुम ही खाली करने वाले-
अपने को समझो, मेरा रस ले अपनी भरने वाले।

i. कवि के अनुसार आज प्रत्येक व्यक्ति क्या करने में लगा हुआ है?

क) स्वयं अपना समय व्यतीत करने में
ख) दूसरे की दुर्बलताओं का मज़ाक बनाने में
ग) अपने घर जाने में
घ) दूसरों के साथ खुश होने में

ii. कवि की जीवनकथा किससे भरी हुई है?

क) सुख व निराशा से
ख) प्रसन्नता व हताशा से
ग) प्रसन्नता व निराशा से
घ) निराशा व हताशा से

iii. **यह गागर रीती** में **गागर** शब्द का सांकेतिक अर्थ है-

क) जीवन रूपी घड़ा
ख) घड़ा रूपी जीवन
ग) निराशा रूपी घड़ा
घ) ख़ुशी रूपी घड़ा

iv. कवि के जीवन के आनंद रूपी रस को किसने खाली किया था?

क) किसी ने नहीं
ख) इनमें से कोई नहीं
ग) कवि के मित्रों ने
घ) स्वयं कवि ने

v. पद्यांश की अंतिम पंक्तियों में कवि की कौन-सी चारित्रिक विशेषता प्रकट होती है?

क) प्रसन्न रहना
ख) जागरूकता
ग) दुखी रहना
घ) मित्रों के प्रति विनम्रता

10. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए:** **[6]**

i. आपके पाठ्यक्रम में कौन-सी कविता फागुन के सौंदर्य पर केंद्रित है? उसका नाम लिखते हुए बताइए कि उसमें कवि के किन मनोभावों का उल्लेख हुआ है। **[2]**

ii. कवि के अनुसार फसल क्या है? **[2]**

iii. कवि की दृष्टि में **संगतकार** की मनुष्यता क्या है? तर्क सहित बताइए कि क्या आप उससे सहमत हैं? **[2]**

iv. गोपियाँ उद्धव के माध्यम से कृष्ण को किस राजधर्म की याद दिला रही हैं? इसके पीछे उनकी किस प्रकार की आकांक्षा **[2]**

SATISH SCIENCE ACADEMY

निहित है?

## खंड ग - कृतिका (पूरक पाठ्यपुस्तक)

11. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में दीजिए:** **[8]**

   i. भोलानाथ संकट के समय में अपने पिता के पास न जाकर माता के पास क्यों जाता है? **माता का अंचल** पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। **[4]**

   ii. **मैं क्यों लिखता हूँ?** पाठ के अनुसार आलसी लेखकों की प्रवृत्ति कैसी होती है? **[4]**

   iii. **मैं इंडियन हूँ** सिक्किम की युवती द्वारा यह कहे जाने से स्पष्ट होता है कि अपनी जाति, धर्म-क्षेत्र और संप्रदाय से अधिक महत्त्वपूर्ण राष्ट्र है। आप किस प्रकार राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य निभाकर देश के प्रति अपना प्रेम प्रकट कर सकते हैं? समझाइए। **[4]**

## खंड घ - रचनात्मक लेखन

12. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिये:** **[6]**

   i. **आत्मनिर्भरता** विषय पर लगभग 80 से 100 शब्दो में अनुच्छेद लिखिए। **[6]**

   ii. **बढ़ते उद्योग कटते वन** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 80 से 100 शब्दो में अनुच्छेद लिखिए। **[6]**

   - भूमिका
   - वृक्षों से लाभ
   - वृक्षों की कटाई और उसके दुष्परिणाम
   - वृक्षारोपण
   - उपसंहार

   iii. **इंटरनेट : सूचनाओं की खान** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए। **[6]**

   - तकनीक का अद्भुत वरदान
   - इंटरनेट क्रांति
   - सूचना स्रोत
   - प्रयोग के लिए सजगता

13. आज दूरदर्शन पर कई कार्यक्रम ऐसे हैं जिन्हें परिवार के साथ बैठकर नहीं देखा जा सकता है। दूरदर्शन के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर सुंदर और ज्ञानवर्धक कार्यक्रम प्रसारित करने का अनुरोध कीजिए। **[5]**

अथवा

आप सुशील/सुशीला हैं। अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखकर हॉकी प्रशिक्षण की व्यवस्था करवाने के लिए निवेदन कीजिए।

14. सुविधा इलेक्ट्रॉनिक्स प्रा० लिमिटेड जालंधर पंजाब को मार्केटिंग एक्जक्यूटिव पद के लिए स्ववृत सहित आवेदन-पत्र लिखिए। **[5]**

अथवा

आपकी बस्ती के पार्क में कई अनधिकृत खोमचे वालों ने डेरा डाल दिया है, उन्हें हटाने के लिए नगर-निगम अधिकारी को dyancsz@mcd.org.in एक ईमेल लिखिए।

15. टूथपेस्ट बनाने वाली कंपनी के लिए एक विज्ञापन 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए। **[4]**

अथवा

आप अपने नर्वनिर्वाचित सांसद को बधाई देते हुए संदेश लिखिए।

SATISH SCIENCE ACADEMY